भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3202

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आयुष

3202. श्री मनोज तिवारी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, जहां जनसंख्या का एक बड़ा भाग पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों पर निर्भर करता है, में आयुर्वेद और आयुष की अन्य पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) दिल्ली में विशेषकर उत्तर-पूर्वी दिल्ली में योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी आदि से संबंधित कितने संस्थान और प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): सरकार अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित पूरे देश के लोगों के मध्य आयुर्वेद सहित आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने में सक्षम रही है। आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार के अधिदेश को पूरा करने के उद्देश्य से, आयुष मंत्रालय आयुष में सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना कार्यान्वित करता है। इसका लक्ष्य पूरे देश में आबादी के सभी वर्गों तक पहुंचना है। इस योजना के तहत, मंत्रालय राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय आरोग्य मेले, योग महोत्सवों/उत्सव, आयुर्वेद पर्व आयोजित करता है, आयुष पद्धति के महत्वपूर्ण दिनों पर उत्सव मनाता है, स्वास्थ्य मेले/मेलों, प्रदर्शनियों आदि में भाग लेता है, आयुष चिकित्सा पद्धति के बारे में नागरिकों के मध्य जागरूकता पैदा करने के लिए सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन आयोजित करने और मल्टीमीडिया अभियान आदि संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके साथ ही, मंत्रालय देश में विभिन्न आयुष पद्धतियों के विकास और प्रचार के लिए राज्य/संघ राज्य सरकारों के माध्यम से केंद्रीय प्रायोजित योजना अर्थात् राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) को कार्यान्वित कर रहा है और उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। राज्य/संघ राज्य सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

(ख): वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****